**23-09-2023**

# एनएसआई में स्वच्छता के लिए स्पेशल कैंपेन शुरू







डीटीएनएन, कानपुर

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर ने 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में कई स्वच्छता गतिविधियाँ शुरू की हैं। नोडल अधिकारी अशोक गर्ग ने कहा, हमने न केवल संस्थान परिसर में बल्कि प्राथमिक विद्यालयों, बाजारों, घनी बस्तियों एवं अन्य स्थानों पर स्वच्छता गतिविधियों को लेकर ब स्पेशल कैंपेन 3.0 लॉन्च किया है। अभियान के एक भाग के रूप में, कानपुर के बिठूर रोड स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता सामग्री वितरित करने और उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करने के अलावा, सूखा और गीला कचरा इकट्ठा करने के लिए कूड़ेदान आदि भी प्रदान किए गए। संस्थान के कर्मचारियों और छात्रों की टीम ने प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करने और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में मदद करने की अपील के साथ स्थानीय बाजारों में सैकड़ों कपड़े के थैले भी वितरित किए। विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक प्रदूषण और सामान्य रूप से प्रदूषण पर काबू पाने के संदेश वाले पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए।

निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने कहा कि विभिन्न चीनी उत्पादक राज्यों में चीनी मिलों में स्वच्छता गतिविधियों को आगे बढ़ाकर एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। हमने कारखाने के कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए उन्हें विज्ञापन सामग्री के नमूने प्रदान किए हैं ताकि कचरे का बेहतर निपटान हो सके और चीनी मिलें एक स्वच्छ और हरित इकाईयां बन सके।

# शर्करा संस्थान ने बच्चों को भेंट की स्वच्छता सामग्री



स्वच्छता सम्बन्धी सामग्री के साथ बच्चे व अन्य।

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कुछ नई स्वच्छता गतिविधियां शुरू करते हुए स्कूली बच्चों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। संस्थान के नोडल अधिकारी अशोक गर्ग ने बताया कि न केवल संस्थान परिसर बल्कि प्राथमिक विद्यालयों, बाजारों, घनी बस्तियों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता गतिविधियों को लेकर विशेष अभियान चलाया गया बल्कि अभियान के अंतर्गत बिठूर रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता सामग्री वितरित करते हुए उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया गया। साथ ही गीला और सूखा कूड़ा एकत्र करने के लिये उन्हें कूड़ेदान भी प्रदान किये गये। संस्थान के कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं की टीम ने बाजारों में जाकर दुकानदारों को प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग न कर प्लास्टिक प्रदूषण कम करने का संदेश दिया। साथ ही ऐसे संदेश देने वाले पोस्टर भी प्रदर्शित किये।